

# भोपाल में आईएचएम ने रचा नया फूड रिकॉर्ड

## 7 मिनट 26 सेकंड में बना 269.9 फीट लंबा सैंडविच



जागरण, भोपाल। आईएचएम के परिसर में रविवार की सुबह का कुछ अलग ही नजारा था। छात्र रसोई में नहीं बल्कि इतिहास रचने में जुटे थे। पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट भोपाल ने 269 दशमलव 9 फीट लंबा सैंडविच तैयार किया। भारत का सबसे लंबा सैंडविच बनाकर आईएचएम ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 223 फीट का था, जिसे आज भोपाल ने पीछे छोड़ दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ रोहित सरीन पूरे समय छात्रों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास केवल रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं था, बल्कि छात्रों को यह सिखाने के लिए था कि बड़े स्तर पर काम कैसे जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ किया जाता है। इस अनोखे प्रयास को अमूल और वीबा का सहयोग मिला। वहीं बे बे फार्म्स ने इसे संचालित किया। आयोजन के दौरान राच्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी होटल उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ प्रख्यात शेफ और शिक्षाविद भी मौजूद रहे। सभी ने छात्रों की मेहनत और सोच की सराहना की।

### प्रिपरेशन में अपना रहे जीरो वेस्टेज

खास बात यह है कि जीरो वेस्टेज के साथ सभी लोफ तैयार हुए हैं। स्टूडेंट्स ने बहुत टेस्टी व फिनिशिंग के साथ लोफ तैयार किए हैं और इवेंट वाले दिन 10 से 15 मिनट के भीतर कैंपस के बाहर रोड पर टेबल्स लगाकर उनपर लाइन से लोफ जमाएंगे व लाइव गार्निशिंग व स्टफिंग करेंगे।



### • सुबह 4 बजे से शुरू हुई तैयारी •

रिकॉर्ड बनाने की तैयारी बेकरी टीम ने सुबह 4 बजे से ही शुरू कर दी थी। इस पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व शेफ पंकज चौधरी, शेफ अंकुर किशोर और शेफ संदीप दुआ ने किया। उनके साथ छात्रों की टीम ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ काम किया। एक समान बनावट और मजबूती वाली ब्रेड तैयार करने से लेकर सैंडविच को जोड़ने तक, हर चरण में टीमवर्क और समर्पण साफ दिखाई दिया।

### शेफ, छात्रों और स्टाफ ने सैंडविच को किया तैयार

रिकॉर्ड सैंडविच के लिए विशेष ब्रेड तैयार की गई थी। छात्रों फैकल्टी और शेफ्स की टीम ने एक जैसी बनावट और मजबूती वाली ब्रेड तैयार करने में कई दिनों तक मेहनत की। आयोजन के दिन फूड प्रोडक्शन और फूड एंड बेवरेज सर्विस विभाग के मार्गदर्शन में 70 से 80 छात्रों और स्टाफ ने सिर्फ 7 मिनट 26 सेकंड में पूरे सैंडविच को जोड़कर तैयार कर दिया।



### ताजी और ऑर्गेनिक सामग्री

इस सैंडविच को पूरी तरह ताज़ी और ऑर्गेनिक सामग्री से तैयार किया गया। इसमें रोमेन, आइसबर्ग, बटरहेड और लीफ लेट्यूस जैसी विभिन्न किस्मों की सलाद पत्तियां शामिल की गईं, जिन्हें बे-बे फार्म्स से विशेष रूप से मंगाया गया था। इसके साथ ही ताजा प्याज, टमाटर, लाल पत्तागोभी और ऑलिव्स का उपयोग किया गया, जिससे सैंडविच न केवल आकार में बल्कि गुणवत्ता और पोषण में भी विशिष्ट बन सका।

**सिटी अचीवर**

160 किमी की दूरी 19 घंटे 50 मिनट में तय


## अल्ट्रा मैराथन में भोपाल के अनुज मीणा ने रचा इतिहास

जगरण, भोपाल। भारत की सबसे कठिन 100-माइल अल्ट्रा मैराथन मानी जाने वाली 'बॉर्डर हेल' में भोपाल के धावक अनुज मीणा ने असाधारण साहस और संकल्प का परिचय दिया। रेगिस्तान की कठोर परिस्थितियों के बीच अनुज ने 160 किलोमीटर की दूरी 19 घंटे 50 मिनट में पूरी कर ली, जबकि इस रेस के लिए अधिकतम समय 28 घंटे निर्धारित था। करीब 400 धावकों के बीच अनुज ने 15वां स्थान हासिल कर भोपाल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। थार मरुस्थल की इस रेस में धावकों को दोपहर के 35 से 45 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान और रात में 5 से 8 डिग्री तक गिरती ठंड से जूझना पड़ता है। पूरे रूट में न पेड़, न छाया और न कोई आबादी-बस एक सीधी, अंतहीन सड़क, जो मानसिक और शारीरिक थकान को कई गुना बढ़ा देती है। रात होते ही तेज़ हवाएं और रेत के तीखे थपेड़े दौड़ को और चुनौतीपूर्ण बना देते हैं। कड़े कट-ऑफ और दूर-दूर बने ऐड स्टेशन्स के बीच अनुज ने अकेले हाइड्रेशन और ऊर्जा का प्रबंधन किया। घोर अंधेरे और सन्नाटे के बीच कदमों की आवाज़ के सहारे आगे बढ़ते हुए उन्होंने यह साबित किया कि असली ताकत शरीर से नहीं, मन से आती है।



## अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह का 101वां संस्करण आज से

जागरण, भोपाल/ग्वालियर। संगीत की ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में आज 15 दिसंबर से विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह के 101वें संस्करण की शुरुआत हो रही है। गान मनीषी तानसेन की समाधि स्थल पर देश-विदेश के सुप्रतिष्ठित संगीतज्ञ स्वरांजलि अर्पित करेंगे। समारोह का आयोजन 19 दिसंबर तक किया जाएगा। उद्घाटन दिवस पर प्रातः 10 बजे पारंपरिक चादरपोशी, शहनाई वादन, हरिकथा और मीलाद गायन होगा, जबकि सायंकाल 6:30 बजे उद्घाटन एवं राष्ट्रीय तानसेन सम्मान और राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान अलंकरण समारोह के बाद संगीत सभाएं आयोजित होंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से पं. राजा काले (2024) और पं. तरुण भट्टाचार्य (2025) को सम्मानित किया जाएगा, वहीं राजा मानसिंह तोमर सम्मान साधना परमार्थिक संस्थान समिति, मण्डलेश्वर और रागायन, ग्वालियर को प्रदान किया जाएगा। पद्म पुरस्कारों से अलंकृत कलाकारों सहित देश-विदेश के ख्यात संगीतज्ञों की प्रस्तुतियां समारोह का आकर्षण रहेंगी।



मंटो की बेबाक कलम से मंच तक

## 'पढ़िए कालिमा' के वैचारिक मंचन से हुआ रंग संस्कृति नाट्य समारोह का समापन



जागरण, भोपाल। रंग संस्कृति नाट्य समारोह के अंतिम दिवस की संध्या केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज से सवाल पूछने वाली एक सशक्त रंगयात्रा बन गई। राग बंध सभागार में रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप द्वारा मंचित उर्दू के चर्चित कथाकार सआदत हसन मंटो की कहानी पर आधारित नाटक 'पढ़िए कालिमा' ने दर्शकों को भीतर तक झकझोर दिया। विभाजन की पीड़ा, मनुष्य की अतृप्त इच्छाएं और स्त्री-पुरुष समानता जैसे मुद्दों को गहराई से उकेरते इस नाटक ने समारोह का प्रभावशाली समापन किया।

### नाटक की कहानी

'पढ़िए कालिमा' की कहानी 1947 के आजादी और विभाजन के दौर की पृष्ठभूमि में रची गई है, जहां समाज दंगों, अविश्वास और टूटते मानवीय रिश्तों से गुजर रहा है। नाटक का केंद्र मनुष्य की इच्छाएं और उन्हें लेकर समाज की दोहरी मानसिकता है। मंटो की लेखनी के अनुरूप, यह कहानी स्त्री और पुरुष की आकांक्षाओं को समान धरातल पर रखकर सवाल खड़े करती है-क्या पुरुषों की इच्छाएं स्वाभाविक और जायज हैं, लेकिन वही इच्छाएं जब स्त्री व्यक्त करे तो अपराध क्यों बन जाती हैं? कहानी पितृसत्तात्मक समाज के उस चेहरे को उजागर करती है, जहां स्त्री की भावनाओं, उसकी भूख, उसकी तलाश को दबा दिया जाता है। यह कहानी केवल व्यक्तिगत संघर्ष की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की आलोचना है जो स्त्री-पुरुष के असमान संबंधों को सामान्य मान लेती है। नाटक यह संदेश देता है कि समाज की संरचना समानता पर टिकी होनी चाहिए। स्त्री अधिकारों की बात करते हुए 'पढ़िए कालिमा' आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना मंटो के दौर में था-शायद उससे भी अधिक।

## संभावना गतिविधि में अहिराई और बधाई नृत्यों की प्रस्तुति





जागरण, भोपाल। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रत्येक रविवार दोपहर 02 बजे से आयोजित होने वाली नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया गया। जिसमें पवनपुत्र यादव एवं साथी, सीधी द्वारा अहिराई नृत्य और हर्षा चौरसिया एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### अहिराई नृत्य

पवनपुत्र यादव एवं साथी, सीधी द्वारा अहिराई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विंध्य में यादव समुदाय द्वारा 'अहिराई नृत्य', अहिराई-लाठी नृत्य', 'बीछी नृत्य', के साथ-साथ व्यापक स्तर पर अहीर समुदाय के नायकों एवं अन्य लोक नायकों की वीर गाथाएं गाई जाती हैं। यह गाथाएं अहीर गाथा गायन शैली एवं बिरहा गायन के रूप में प्रचलन में हैं, जिसमें चदैनी (महागाथा), छाहुर, ललना, चंदनुआ, गढ़ केउंटी, पदुम कंधइया आदि प्रमुख हैं। मान्यता अनुसार यह एक तरह की विवाह परम्परा है। पहले यह स्वयम्बर की तरह होता था। इस समुदाय के लोग एक सामूहिक उत्सव का आयोजन करते और इसमें युवक-युवतियां शामिल होते हैं। नृत्य में नगड़िया एवं शहनाई के साथ अन्य वाद्यों का प्रयोग किया जाता है।

### बधाई नृत्य

हर्षा चौरसिया एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियां और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियां कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगते हैं, और नेग-न्यौछावर बांटती हैं। इस नृत्य में ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी आदि वाद्य प्रयुक्त होते हैं।



अष्टा चंगा गेम, सब्जियों के खिलौने और प्राकृतिक इत्र खुशबू ने किया आकर्षित

# परी बाजार की अंतिम शाम कव्वालियों के नाम रही....

जागरण, भोपाल। भोपाल। ऐतिहासिक गौहर महल रविवार की शाम सुर, साज़ और सूफ़ियाना रंग में सराबोर नजर आया, जब 'परी बाजार' के छठवें सीजन का भव्य समापन हुआ। वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) द्वारा 'सशक्त मध्यप्रदेश' थीम पर आयोजित वार्षिक आयोजन 'बेगम्स ऑफ भोपाल' की अंतिम शाम जयपुर के प्रसिद्ध साबरी ब्रदर्स की रूहानियत भरी कव्वालियों के नाम रही। गुलाबी ठंड के बीच उस्ताद अमीन साबरी और तनवीर साबरी ने तू देर हो रहम का मालिक है, छाप तिलक सब छीनी, दमा दम मस्त कलंदर जैसी कव्वालियों से समां बांध दिया। श्रोताओं ने इश्क, इबादत और इंसानियत से भरी इस महफिल का भरपूर आनंद लिया। इससे पहले 'शाम-ए-गजल' में उस्ताद सलीम अल्लाहवाले ने बहुत बेचैन है दिल, हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी, रंजिश ही सही जैसी ग़ज़लों से माहौल को अदबी रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब इंटरनेशनल सर्वोदय ने पिछले छह वर्षों से परी बाजार के सफल आयोजन के लिए 'बेगम्स ऑफ भोपाल' की टीम को एक्सीलेंसी इन वूमेन एंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। परी बाजार के अंतर्गत आयोजित बुक रिव्यू सत्र, किड्स फैशन शो, ओपन माइक और क्विज प्रतियोगिता ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया।



### मोहम्मद आसाफ खान

मेरे पास देवभपका मेटल प्रक्रिया से बने इत्र और खुशबू हैं। इसे तांबें और मिट्टी के बर्तन में तैयार किया जाता है। हर परफ्यूम ऑयल को तैयार होने 40 दिन लगते हैं। इससे पहले इसको तांबे के बर्तन में काली मिट्टी के नीचे 1 से 2 तक दबाकर रखते है। हर खुशबू के लिए प्राकृतिक रूप खेत और जंगलों से सामान इकठ्ठा करते हैं।


### बैगा पेंटर



मैंने सब कुछ वेस्ट मटीरियल से बनाया है, वुडन होम डेकोर के आइटम और बच्चों के लिए खिलौने हैं। इस पर बैगा आर्ट की पेंटिग की है। मशरूम वॉल हैंगिंग बनाने के लिए मैंने मशरूम पर पेपर मैशे का इस्तेमाल करके चिड़िया बनाई हैं। लौकी, तोरी के भी खिलौने हैं। जिसे मैंने सुखाकर पेंट किया है।

### पूनम महतो

मेरे पास हैंडमेड डायरी, बैग्स, की चैन हैं इन सबको हाथों से बनाया है। डायरी के पेज भी हैंडमेड है। कपड़ों को रीसाइकिल करके बैग बनाया गया है। इसके साथ ही अष्टा चंगा ये एक गेम है, इसमें पॉकेट भी है। इसमें गोटियां रखकर इसे तय करके कही भी रख सकते हैं। सफर में भी साथ लेकर जा सकते हैं और खेल सकते हैं।



## साहित्य केवल सौंदर्य नहीं, समाज की चेतना का माध्यम



जागरण, भोपाल। साहित्य केवल सौंदर्य बोध तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की चेतना और समय की आवाज है। यह विचार वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्कृतिकर्मी रामप्रकाश त्रिपाठी ने मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन, भोपाल जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित शायर इंद्रपाल सिंह 'तन्हा' के गजल संग्रह 'ठहरा हुआ वक्त' के लोकार्पण एवं चर्चा कार्यक्रम में व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए त्रिपाठी ने कहा कि यह संग्रह हमारे दौर की सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय स्थितियों का सशक्त दस्तावेज है। इसमें गजलें केवल काव्य सौंदर्य नहीं रचतीं, बल्कि प्रतिरोध की भाषा भी बनती हैं, जो शोर किए बिना भीतर तक असर छोड़ती हैं। गोष्ठी में शायर बद्र वास्ती और अपर्णा पात्रीकर ने संग्रह को दुष्यंत कुमार की परंपरा का विस्तार बताया। उन्होंने कहा कि तन्हा की शायरी मौजूदा व्यवस्था के हर पहलू पर बेबाकी से सवाल उठाती है।

## 4.77 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

### अमृत योजना के बाद हर सड़क बनेगी: हिंगोरानी



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के बाशिंदों को अभी कम से कम एक साल तक उन जर्जर सड़कों से ही काम चलाना पड़ेगा, जिनके लम्बे समय से कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, क्योंकि लगभगा 200 करोड़ की अमृत योजना के तहत समूचे उपनगर व आस पास के क्षेत्रों का सीवेज एवं पानी की पाइन के काम का अपडेट होना है। इसके बाद हर गह्ली मोहल्ले की सड़क को नए सिरे से बनाया जाएगा। उक्त जानकारी एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने दी। वे वन ट्री हिल्स 27 लाख से बनाई गई सड़क के किनारे नाली को कवर करने के कार्य का भूमि पूजन कर रहे थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी, महासचिव शेट्टी चंदनानी, हीरो फैंन्स क्लब के अध्यक्ष हीरो हिन्दु की विशेष उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में राजेश हिंगोरानी ने कहा कि न केवल वार्ड 4 बल्कि उपनगर में जहां जहां भीस सड़कों की हालत खराब है, उनके ध्यान में है, और यह वादा किया जाता है कि जैसे ही सीवेज लाइन के अलावा पानी की पाइप लाइन का काम पूरा होगा, उसके बाद किसी भी सड़क को जर्जर रहने नहीं दिया जाएगा। ऐसा ही वादा विधायक रामेश्वर शर्मा भी कर चुके हैं इसलिए हमें थोड़ा इंतजार करना होगा।

# एसबीआई के आउटसोर्स कर्मचारी ने क्रेडिट कार्ड हड़प की एक लाख की शॉपिंग

## लोन लेने पहुंचा पीड़ित तब हुआ ठगी का खुलासा, जांच के बाद केस दर्ज

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक आउटसोर्स कर्मचारी ने ग्राहक का धोखे से क्रेडिट कार्ड हड़पकर 1 लाख रुपए की शॉपिंग कर ली। पीड़ित जब लोन लेने बैंक पहुंचा तब जालसाजी का खुलासा हुआ। उसकी सिविल खराब थी। इसके बाद उसने पिपलानी थाना पुलिस को आवेदन दिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पिपलानी पुलिस के मुताबिक, 45 वर्षीय त्रिवेदी प्रसाद लोधी एक कंपनी में ट्रक ड्रायवर हैं। जुलाई 2023 में उनके पास क्रेडिट कार्ड के लिए आफर आया था। बार-बार उनके पास कॉल आया तो वह एक दिन पिपलानी स्थित इंद्रपुरी एसबीआई बैंक पहुंचे। यहां पर उनका खाता भी है। यहां उन्हें अभय




त्रिवेदी मिला। जोकि एसबीआई का आउटसोर्स कर्मचारी था। उसने क्रेडिट कार्ड के नाम पर लोधी से सात-आठ फार्म भरवाए। चोरी से उसमें अपना मोबाइल नंबर डाल दिया। बाद में वह बोला कि क्रेडिट कार्ड आपके घर आएगा। जोकि नहीं पहुंचा।

### सिबिल खराब है, क्रेडिट कार्ड का बिल नहीं भरा

फार्म में अभय का मोबाइल नंबर था। क्यूरी के बाद यह क्रेडिट कार्ड अभय ने ले लिया। इस कार्ड से उसने छह महीने में करीब एक लाख रुपए की शॉपिंग की। छह महीने बाद लोधी को लोन की जरूरत महसूस हुई। वह बैंक पहुंचे। बैंक वालों ने बताया कि आपको लोन नहीं हो सकता है। आपकी सिविल खराब है। आपने क्रेडिट कार्ड के एक लाख रुपए नहीं भरे हैं। तब लोधी ने बताया कि मुझे तो आज तक क्रेडिट कार्ड ही नहीं मिला, तो बिल कैसा? इसकी शिकायत उन्होंने थाने में की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी अभय त्रिवेदी निवासी छतरपुर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## एसबीआई के एटीएम में तोड़फोड़, सीसीटीवी पर टैप लगाया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोविंदपुरा इलाके में स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन में तोड़फोड़ कर दी गई। चोरी के प्रयास में तीन बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरों पर टैप लगा दिए थे। वह खुद मास्क पहने थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है।

### तीन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश तोमर ने बताया कि बरखेड़ा स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन में यह घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात साढ़े तीन बजे हुई। कार सवार तीन बदमाश पहले एटीएम बूथ में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सीसीटीवी कैमरों में टैप लगा दिए। नकाबपोश बदमाशों ने चोरी की नीयत से मशीन में तोड़फोड़ की, लेकिन वह कैश ट्रे तक नहीं पहुंच पाए। काफी मशक्कत के बाद जब वह चोरी करने में कामयाब नहीं हुए तो थक-हारकर चले गए।

## 7 एकड़ जमीन पर भेल ने बनाया 'सोलर एनर्जी प्लांट'

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पहला सोलर एनर्जी प्लांट बनकर तैयार हो गया है, भेल प्रशासन का ये प्लांट सुभाष विश्रामघाट के सामने सात एकड़ जमीन पर बनाया गया है। इस प्लांट से अब भेल परिसर में बिजली आपूर्ति होगी। पांच मेगावाट उत्पादन वाले इस प्लांट से भेल काफी हद तक बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाएगा। अभी भेल कारखाने व टाउनशिप में बिजली की आपूर्ति प्रदेश सरकार करती है। इसके एवज में भेल एक वर्ष में करोड़ों रुपए बिजली कंपनी को देता है। देश की महारत्न कंपनी भेल की मदर यूनिट भेल भोपाल अन्य सोलर प्लांट लगाने पर काम कर रही है। सोलर पैनल सहित अन्य जरूरी उपकरण भेल ही बना रहा है। सोलर प्लांट लगने से काफी हद तक भेल स्वयं ही बिजली की आपूर्ति कर सकेगा। भेल गोविंदपुरा सुभाष नगर विश्रामघाट के पास 22 एकड़ जमीन में सोलर प्लांट लगाने के लिए सोलर पैनल लग रहे हैं। बाकी फिनिशिंग वर्क 31 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद सोलर एनर्जी भेल टाउनशिप व कारखाने को मिलने लगेगी। बिजली कंपनी से बिजली खरीदने की निर्भरता कम रह जाएगी।



### कारखाने को मिलेगी बिजली, आत्मनिर्भर होगा भेल

**राज्य के अनुमति न देने से बदला प्लान :** करीब चार साल पहले भेल के जंबूरी मैदान में 10 मेगावाट का सोलर कॉ प्लांट लगाया जाना था। इसमें भेल की हैदाराबाद व बेंगलुरु यूनिट के सहयोग से काम होना था। 50 एकड़ जमीन तय की गई थी। हैदराबाद से अधिकारी भी निरीक्षण करने आए थे, लेकिन राज्य शासन ने जंबूरी मैदान की जमीन पर सोलार प्लांट लगाने की अनुमति नहीं दी थी। इस कारण प्लान में बदलाव किया गया।

## जनपद की स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का एजेंडा जारी, एजेंडा देख बीईओ की सांसें फूली

**बैरसिया।** जनपद पंचायत की स्थाई शिक्षा समिति बैरसिया की बैठक आहुत का शुक्रवार को एजेंडा क्रमांक1295 जनपद शिक्षा समिति सचिव द्वारा जारी हुआ है। लगभग एक बर्ष के लंबे अंतराल उपरांत 16 दिसंबर मंगलवार को होने वाली जनपद शिक्षा समिति की बैठक जनपद के सभागार में दोपहर तीन बजे होगी। इधर बैठक का जारी एजेंडा के बिंदु देख ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की सांसें फूलती नजर आ रही है। बता दें की शिक्षा समिति के सदस्यों ने बैठक के एजेंडे में महत्वपूर्ण बिंदु चर्चा हेतु रखे गए हैं। इनमे पूर्व बैठक 5 /11/ 2024 की जानकारियो के सम्बंध में पालन प्रतिवेदन , निःशुल्क पाठ पुस्तक वितरण वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक में किए भुगतान भाड़ा के विल वाऊचर ओर कैशबुक सहित बीईओ द्वारा जिन स्वसहायता समूह से अधीनस्थ स्कूलों में निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण कराई है। उस वाहन का नम्बर एव ट्रांसपोर्ट पर की खर्च राशि के विल वाऊचर सहित तीन वर्षो की जानकारी के साथ उपस्थित रहे लिखा गया है। वही शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बीईओ रामनारायण वास्ती सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा रोस्टर अनुसार कितनी शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण पंजी एव निरीक्षण दौरान शालाओं में क्या क्या समस्याएं पाई गई।और समस्याओं के निराकरण हेतु क्या कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही से सम्बंधित वरिष्ठ कार्यालय को लिखे पत्रों व दस्तावेजो के साथ उपस्थित होवे । इसके अलावा अन्य विषयों पर समिति के सभापति जनपद उपाध्यक्ष की अनुमति से चर्चा में सामिल किए जावेंगे।

## किश्त नहीं भरने पर बैंक ने मकान किया सीज, ताला तोड़ घुसा परिवार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मिसरोद इलाके में एक मकान की किश्त नहीं भरने पर बैंक ने उसे सीज कर लिया। कोर्ट के आदेश पर यह कदम उठाया। शनिवार रात परिवार के लोग इस मकान का ताला तोड़कर जबरन दाखिल हो गए। यहां लगे गार्ड का मोबाइल छीन लिया। उससे धक्कामुक्की की। गार्ड की रिपोर्ट पर पुलिस ने अनाधिकृत रूप से मकान में प्रवेश करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में गांधीनगर निवासी नीलेश नामदेव ने शिकायत की थी। आरोपियों में महेंद्र मीणा, उनकी पत्नी, भांजा, भाई व साथी शामिल हैं। महेंद्र मीणा का हरिवंश विहार कालोनी में मकान है। मकान के लिए उन्होंने पिरामिड बैंक से लोन लिया था, जिसकी किश्त उन्होंने समय से नहीं भरी। बैंक ने कोर्ट में परिवाद दाखिल किया। कोर्ट के आदेश पर बैंक ने उक्त मकान को सीज कर ताला लगा दिया। यहां पर गार्ड तैनात कर दिया। शनिवार देर रात दो बजे सभी आरोपी एक राय होकर मकान पर पहुंचे। जहां उन्होंने वारदात को अंजाम दिया।

### गार्ड का मोबाइल छीनकर की झूमा-झटकी, केस दर्ज

## मास्टर चन्द्र से मिली सिंधी गीतों को नई पहचान, दशकों तक सिंध व हिन्द के गीत प्रेमियों के दिलों पर किया राज

### 115वी जयंती आज

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** देश विभाजन की सर्वाधिक पीढ़ा सिंधी समाज ने झेली। पंजाबियों को आधा पंजाब एवं बंगालियों को आधा बंगाल मिला परन्तु सिंध प्रदेश पूरा का पूरा पाकिस्तान में मिल गया। लेकिन मास्टर चन्द्र काव्य जगत के ऐसे रचनाकार थे, जो अपनी पहचान विभाजन से पहले ही स्थापित कर चुके थे। उन्होंने सूफी राग और फकीरी सुरताल वाली काव्य रचना की परम्परागत शैली को तोड़कर काव्य एवं संगीत के शांत पाका मण्डल में इश्क का नगाड़ा बजाया जिससे सिंधी साहित्य जगत में नए युग की शुरूआत हुई। जिसने पुरानी शैली को बदलने पर विवश किया वहीं कई नवोदित कलाकारों को प्रेरणा भी मिली। किसी भी बच्चे



कोउविरासत में मिली परम्परा व संस्कृति का गहरा प्रभाव होता है जबकि मास्टर चन्द्र ने इन मान्यताओं को झुठलाते हुए एक व्यापारी के घर जन्म लेने के बाद भी गीतों, रचनाओं व संगीत की दुनिया में कदम रखा और उन्हें अपार सफलता मिली। काव्य के प्रति उनका रूझान इतना अधिक था कि वे अपने मित्रों व संबंधियों को गजल व गीतों में पत्र लिखा करते थे।

**15 दिसम्बर 1909 को हुआ जन्म :** मास्टर चन्द्र का जन्म सिंध प्रदेश के नवाबशाह जिले के ठारूशाह गांव श्री आसनदास के घर हुआ। विद्यार्थी जीवन में ही उनकी शायरी में गहरी रूचि रही। उन्होंने दस वर्ष की आयु में काव्य रचना शुरू की जिसे वे तरनुम में गाया करते थे। उस समय सिंधी हिन्दुओं में गायन को निम्न दृष्टि से देखा जाता था। कई बार मास्टर चन्द्र को उनके गायन के कारण समाज के विरोध का सामना भी करना पड़ा। मास्टर चन्द्र के पूर्व सिंधी संगीत व गायन कोठो, दरगाहों तथा दरबारों तक सीमित था यहां तक कि सिंधी के परम्परागत रागों को भी एक सीमित अंदाज में गाया जाता था जबकि मास्टर चन्द्र ने राग रागनियों को नया अंदाज दिया। जैसे पिता के स्वर्गवास के बाद अपना गांव छोड़ते वक्त उनका राग जिसे हम यहां हिन्दी अनुवाद कर दे रहे हैं:- छोड़ों गमों को गांव में, जल्द तैयार हो चलो, गमों के गावं में जीना अब लगता है भारी भारी, खुद के दुख सुख की कहो खुद से कहानियां।

## SUDOKU 88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 3 | | | | | |
| | 3 | | | 8 | | | | 9 |
| | 1 | 2 | | | 7 | 3 | | |
| 7 | | | | | 3 | | 2 | |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| | 5 | | 1 | | | | | 7 |
| | | 5 | 4 | | | 8 | 9 | |
| 3 | | | | 1 | | | 5 | |
| | | | | | 6 | 1 | | |

## SOLUTIONS 87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 | 1 | 3 |
| 8 | 3 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृषभ :** कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**मिथुन :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की संभावना रहेगी। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखें। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आज का दिन अच्छा रहेगा। गृहों की स्थिति आपके अनुकूल बनने से आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**सिंह :** व्यावसायिक गतिविधियों में परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी।

**कन्या :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे

**तुला :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। किसी के भी साथ धन से सम्बंधित व्यवहार न करें। किसी भी विवाद में पडऩे से बचना होगा। आज संयम रखना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्य सफल होने से मन प्रफुल्लित रहेगा। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे।

**मकर :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**कुंभ :** आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

**आज का पंचांग:** 15 दिसंबर सोमवार 2025। **दिशाशूल :** पूर्व। **पर्व एवं त्योहार :** सफला एकादशी। **विशेष :** सूर्य की धनु संक्रांति, खर मास प्रारंभ। विक्रम संवत 2082 शके 1947 दक्षिणायण, दक्षिणगोल, हेमंत ऋतु पौष मास कृष्ण पक्ष की एकादशी 21 घंटे 21 मिनट तक, तत्पश्चात द्वादशी चित्रा नक्षत्र 11 घंटे 09 मिनट तक, तत्पश्चात स्वाती नक्षत्र शोभन योग 12 घंटे 30 तक, तुला में चंद्रमा।

## पीआरडीएफ के सामाजिक सुरक्षा शिविरों से ग्रामीणों को मिली राहत, 248 हितग्राही लाभान्वित

**मंडीदीप।** ग्रामीण अंचलों में सरकारी योजनाओं की जानकारी और दस्तावेजों के अभाव के कारण वंचित रह रहे लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से परमेश्वरम रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन (पीआरडीएफ) द्वारा ग्राम बाबड़िया गोंड़ी, जावरा मलखार एवं बगवानी में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता बैठक एवं सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों का मुख्य उद्देश्य पात्र नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविरों के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, प्रक्रिया और लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपने आवश्यक दस्तावेज बनवाए और केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराई। इससे उन्हें योजनाओं से जुड़ने में आ




रही व्यवहारिक कठिनाइयों से राहत मिली। संस्था प्रतिनिधि आशीष कीर ने बताया कि मानव अधिकार दिवस से अब तक आयोजित शिविरों के माध्यम से बाबड़िया गोंड़ी, जावरा मलखार और बगवानी गांवों में कुल 248 लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। इन शिविरों में आयुष्मान भारत कार्ड, संबल योजना, सामाजिक पेंशन, राशन कार्ड, पीएम किसान, मनरेगा पंजीयन, आधार, श्रमिक कार्ड, विभिन्न प्रमाण-पत्र तथा जन्मङ्कमृत्यु पंजीयन जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यकर्ताओं के अनुसार इन शिविरों से ग्रामीणों में योजनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

### सर्ब ब्राह्मण परिषद बैरसिया की कार्यकारिणी घोषित

## पत्रकार पं. मोहन दुबे बने सर्व ब्राह्मण परिषद बैरसिया के उपाध्यक्ष

**नजीराबाद।** भगवान श्री परशुराम की तपोभूमि बैरसिया में रविवार 14 दिसंबर 2025 को विप्र समाज ने एकजुटता, संगठनात्मक शक्ति और सामाजिक चेतना का भव्य प्रदर्शन किया। श्री परशुराम मंदिर, सहज विहार कॉलोनी में आयोजित इस विशाल आयोजन में ब्राह्मण परिषद तहसील बैरसिया, ब्राह्मण श्री परशुराम सेना एवं ब्राह्मण महिला संगठन की नवगठित कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। दोपहर 11 बजे से प्रारंभ हुए इस आयोजन में तहसील बैरसिया, नजीराबाद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विप्र समाज के वरिष्ठजन, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, युवा एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। पूरा वातावरण जय श्री परशुराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। इस गरिमामय अवसर पर नजीराबाद के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी पंडित मोहन दुबे को सर्व ब्राह्मण परिषद बैरसिया का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। जैसे ही उनका नाम मंच से लिया गया, उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि कर निर्णय का स्वागत किया।

## सिहरन ने सिनेमाघरों में चोटी कटवा चुड़ैल की लोककथा को किया जीवंत

**भोपाल।** ओम शिवाय फिल्म्स ने गर्व के साथ अपनी आगामी हॉरर-कॉमेडी सिहरन का आधिकारिक ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। प्रशंसित फिल्म निर्माता मनीष कुमार वर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 12 दिसंबर को पैन-इंडिया रिलीज हुई। ट्रेलर लॉन्च इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जिसने अपनी अनूठी कहानी और प्रभावशाली टैगलाइन - चोटी कटवा चुड़ैल अब सिनेमा हॉल में आ रही है-के साथ पहले ही काफी चर्चा बटोर ली है। हॉरर, ह्यूमर (हास्य) और सस्पेंस का मिश्रण, सिहरन वास्तविक जीवन की चोटी कटवा घटनाओं से प्रेरित है जिसने कभी पूरे देश का ध्यान खींचा था। इसे अपने करियर की सबसे प्रभावशाली फिल्म बताते हुए, वर्मा ने मनोरंजन से परे एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव का वादा किया है। फिल्म एक शक्तिशाली सामाजिक संदेश भी देती है, जो महिलाओं के शोषण और भेदभाव के मुद्दों को उजागर करती है, साथ ही समानता, गरिमा और जागरूकता को बढ़ावा देती है। निर्माता हरि नारायण चौरसिया ने कहा कि फिल्मों में अक्सर लोगों को पान खाते हुए दिखाया जाता है, लेकिन इस फिल्म में पहली बार पान की खेती की दुनिया को विस्तार से दिखाया गया है। और इस फिल्म की एक खासियत यह है कि यह पत्तों की खेती और उससे जुड़े उद्योग को बहुत ही रोचक तरीके से दर्शाती है।

## अयोध्या नगर में युवक का आईफोन लूटा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अयोध्या नगर इलाके में एक युवक के साथ लूट हो गई। वह पैदल आईफोन पर बात करते जा रहा था, तभी बाइक सवार दो लुटेरे पीछे से आए और फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय दीपेश यादव शीतल पैराडाइज कालोनी में रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शनिवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे दीपेश इलेक्ट्रिक का सामान खरीदने के लिए पैदल जा रहे थे। तभी कालोनी के बाहर पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरे में उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। दीपेश ने चीख पुकार की लेकिन आरोपी भाग निकले। इसके बाद वह थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कराया।

## शहर के कई क्षेत्रों में आज बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर के कई इलाकों में सोमवार को 6 घंटे तक की बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज खेल छात्रावास, अरेरा क्लब, 74 बंगलो, निशात कॉलोनी, 1250 जेपी अस्पताल, रेडक्रॉस अस्पताल व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और लालघाटी स्थित शिवा अपार्टमेंट, नयापुरा, राजीव रॉजरी, काजी वजुदुल कॉलोनी, ओम शिव नगर, मुंशी प्रेम कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटौती होगी।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
क्रमांक 1316/राजस्व/भोविप्रा/25 भोपाल दिनांक : 11/12/2025

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की BHEL KARAMCHARI SAKET NAGAR योजना में स्थित भूखंड /भवन क्रमांक 121 सेक्टर 3 बी श्रीमती आरती डे W/O स्व. श्री डे कुमार के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक : 2/12/2023 को हो जाने के कारण एवं आवंटी के पति स्व. श्री डे कुमार डे आत्मज स्व. श्री एन. ऐल. डे का दिनांक 4 /1/2003 को हो जाने के कारण वारिस श्रीमती सुस्मिता डे W/O श्री पुन्नया स्लोके दत्ता एवं श्री बिस्वजीत डे आत्मज स्व. श्री डे कुमार डे के द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज को प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है।


उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**कार्यालय थाना प्रभारी मंगलवारा जिला भोपाल म.प्र.**

क्र./था.प्र./मंगल./मर्गक्र. 273/25 दिनांक 11.12.25

**विवरण**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना मंगलवारा जिला भोपाल (म.प्र.) के मर्ग क्र. 23/25 धारा 194 इड्ठह्यह्य में मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 45 वर्ष निवासी अज्ञातद हुलिया : रंग सांवला, कद 5.4 इंच, बदन इकहरा, शरीर पर काली टी शर्ट, गुलाबी शर्ट व ऊपर जरकीन पहने है नीले कलर की जींत पहने है जिस पर सफेद पिताई करने के धब्बे हैं हुलिये से भिखारी जैसा प्रतीत होता है। जो राधा कृष्ण मंदर डबल फाटक थाना मंगलवारा में मृत अवस्था में मिला था। उपरोक्त मृतक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना मंगलवारा भोपाल में संपर्क करें। थाना मोबाइल नंबर 9479990613, 9479993645 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना मंगलवारा भोपाल
जिला भोपाल (म.प्र.)

जी- 22690/25

**कार्यालय थाना प्रभारी मंगलवारा जिला भोपाल म.प्र.**

क्र./था.प्र./मंगल./भो/डी.07/25 दिनांक 07.12.25

**जाहिर सूचना**




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना तलैया भोपाल के मर्ग क्र. 07/2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. में अज्ञात मृतक पुरुष जिसका हुलिया उम्र 50-55 साल करीबन, रंग सांवला, चेहरा लम्बा, सामान्य बदन, कद 5 फीट 4 इंच करीबन व कथी रंग की सफेद बिंदी वाली टी शर्ट जो नाले के कीचड़ व पानी में सनी हुई, काले रंग का लोवर जिस पर दोनों तरफ बाजू में सफेद रंगकी तीन पट्टीयां बनी हुई मृत अवस्था में भारत टाकिज ब्रिज के पास पटवा मार्केट में नाले में एक व्यक्ति की लाश तैर रही थी। जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इसअज्ञात मृत पुरुष के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो या इसके परिजन हो तो थाना मंगलवारा में आकर संपर्क करे अथवा दूरभाष क्रमांक 9479990616 तथा विवेचक स.उ.नि.(क) अजीत सिंह बघेल मो.नं.9575138440 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना मंगलवारा भोपाल
जिला भोपाल (म.प्र.)

जी- 22686/25

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हबीबगंज जिला भोपाल**

जाहिर सूचना (पम्पलेट)
अज्ञात मृत व्यक्ति की तलाश वास्ते
मर्ग क्र. 47/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस.



**नाम मृतक** - अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 30-35 साल

**हुलिया**- बदन- सामान्य, रंग- गेहुंआ, कद- 5 फिट 07 चि, गुदना/टैटू- दाहिने हाथ की कलाई पर ऊ एवं हिंदी में दीपक लिखा हुआ है। मुंह में सामने का दांत टूटा हुआ है। पहनाबा- काले रंग की फुल टी शर्ट एवं मटमैला आसमानी रंग का जींस का पेंट पहने हुए है। हुलिया- बाल काले छोटे चेहरे पर हल्की मूंछे व दाढ़ी है।

**घटना स्थल**- 10 नंबर स्टाप वाईन शाप के ऊपरी तल पर थाना हबीबगंज भोपाल

**मृत्यु दिनांक समय**- 17.10.2025 के 10.25 बजे सुबह

**नोट**- किसी भी व्यक्ति/सज्जन को उक्त अज्ञात मृतक व्यक्ति के संबंध में कोई सूचना अथवा मृत व्यक्ति के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी होवे तो कृपया थाना हबीबगंज के निम्न नंबरों पर तत्ताल सूचना देवे। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जावेगा।

**संपर्क नंबर**
9479990478 (एचसीएम थाना हबीबगंज भोपाल)
9479990474 (थाना प्रभारी थाना हबीबगंज भोपाल)
9753513071 (जांचकर्ता थाना हबीबगंज भोपाल)

आदेशानुसार
थाना प्रभारी थाना हबीबगंज भोपाल

जी- 22689/25

